## महत्वपूर्ण एवं खास

### कलेक्टर ने कोड़ातराई मैदान व आसपास के क्षेत्र को 'नो ड्रोन फ्लाईंग जोन' किया घोषित

**रायगढ़।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम दिनांक 14 सितम्बर 2023 को रायगढ़ में प्रस्तावित है। उनके रायगढ़ प्रवास के दौरान सुरक्षा व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए ग्राम-कोड़ातराई एवं कोड़ातराई मैदान के आस-पास के क्षेत्र को कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने 'नो ड्रोन फ्लाईंग जोन' घोषित किया है।

### बोदाटिकरा स्टाप डेम पर मिले अज्ञात शव की नहीं हो सकी पहचान, जुटी जांच में पुलिस

**रायगढ़ ।** दिनांक 07/09/2023 के सुबह जिंदल स्टाप डेम बोदाटिकरा, केलो नदी में एक युवक का शव देखे जाने की सूचना पर तत्काल जूटमिल पुलिस मौके पर पहुंची, एसडीआरएफ (गोताखोर) की टीम द्वारा शव को पानी से बाहर निकल गया। विदित हो कि 06 सितंबर के सुबह एक युवक के केलो नदी में डूब जाने की सूचना पर तत्काल थाना प्रभारी जूटमिल निरीक्षक रामकिंकर यादव अपने स्टाफ के साथ केलो नदी पुल नीचे पहुंचे । जहां प्रशिक्षित गोताखोर की टीम के साथ केलो नदी में अज्ञात युवक का पता तलाश किया गया, नदी के तेज बहाव के कारण अज्ञात युवक का पता नहीं मिला था। अज्ञात युवक उम्र करीब 20 से 25 वर्ष दो-तीन दिन से पानी में डूबने होने से मृत्यु की संभावना जताई जा रही है। जूटमिल पुलिस मामले में मर्ग कायम कर शव को मच्युरी में रखवाया गया है। अज्ञात मृतक के वरिसानों की पतासाजी हेतु विभिन्न व्हाटसअप ग्रुप में मृतक के फोटो शेयर किया गया है, अब तक मृतक के वारिसानों का पता नहीं चला है।

### पालीटेक्निक में अध्यापन कार्य हेतु अंशकालीन व्याख्याताओं से 22 तक मंगाए गए आवेदन

**रायगढ़।** किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक, रायगढ़ में शैक्षणिक सत्र 2023-24 में अध्यापन कार्य हेतु मेकेनिकल इंजी.विभाग में एक अंशकालीन व्याख्याता की आवश्यकता है। इच्छुक अभ्यर्थी 22 सितम्बर 2023 तक प्राचार्य किरोड़ीमल शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में आवेदन जमा कर सकते है। इसके लिए शैक्षणिक अर्हता छ.ग.तकनीकी शिक्षा (शिक्षण संवर्ग पालीटेक्निक)राजपत्रित सेवा भर्ती नियम 2014 के अनुसार होगी। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए शासकीय पालीटेक्निक रायगढ़ में संपर्क कर सकते है।

### जिले में 945.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

**रायगढ़।** चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 8 सितम्बर तक 945.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 31.5 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 967.3 मिली मीटर, पुसौर में 1023.5, खरसिया में 701.1, घरघोड़ा में 931.1, तमनार में 921.3, लैलूंगा में 940.2, मुकडेगा में 1026, धरमजयगढ़ में 1056.6, छाल में 836 एवं कापू में 1061.1 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### प्रदेश के कुछ स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में मानसून के पुन: सक्रिय होने के बाद मौसम विभाग ने प्रदेश के कुछ क्षेत्रों में आने वाले दो दिनों में भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना जताई है। वहीं कृषि वैज्ञानिकों अनुसार बारिश की स्थिति थोड़ी पिछड़ी हुई है। मौसम में ठंडकता बनी रहेगी और उमस से लोगों को राहत रहेगी। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश में एक जून से लेकर 7 सितंबर तक 810.2 मिमी वर्षा हुई है, जबकि सामान्य रूप से 999.5मिमी बारिश होनी चाहिए थी। इस प्रकार प्रदेश में 19 फीसद कम बारिश हुई है।

# रायगढ़ के होनहारों ने बढ़ाया जिले का मान, कलेक्टर सिन्हा ने किया सम्मान, परिजनों को भी किया सम्मानित

❒ पीएससी टॉपर्स सारिका मित्तल, तुषार मानिक और अल्फिना खान ने कलेक्टर सिन्हा से की सौजन्य भेंट





**रायगढ़।** पीएससी 2023 के नतीजे घोषित किए जा चुके हैं। इस बार पीएससी की टॉपर रायगढ़ से है। इसके साथ ही दूसरे अभ्यर्थियों ने भी पीएससी में अच्छी रैंक लाकर शासकीय सेवा के लिए चयनित हुए हैं। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी से मुलाकात कर उन्हें सम्मानित किया और सफल शासकीय सेवा के लिए शुभकामनाएं दीं।

शहर की बेटी सारिका मित्तल ने पीएससी में फर्स्ट रैंक लाकर डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयनित हुई हैं। कलेक्टर सिन्हा ने उनके साथ उनके माता-पिता अशोक मित्तल और राधा मित्तल को भी सम्मानित कर शुभकामनाएं दी। इसी प्रकार शहर के तुषार मानिक जिन्होंने 141 रैंक हासिल किया है और नायब तहसीलदार का पद प्राप्त किया है। वे अपने माता-पिता एस.डी.मानिक और शांति मानिक के साथ पहुंचे थे। वहीं 430 वां रैंक लाकर अधीनस्थ लेखा सेवा के लिए चयनित हुई अल्फिना खान अपनी माता जी रुखसाना खान के साथ पहुंची थी। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने सभी चयनित युवाओं और उनके पालकों को उनकी इस गर्वीली सफलता के लिए बधाई व शुभकामनाएं दीं।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने इस मौके पर सभी सफल अभ्यर्थियों से उनकी पढ़ाई-लिखाई एवं तैयारी के संबंध में जानकारी ली। सारिका मित्तल ने बताया कि उन्होंने दिल्ली से ग्रेजुएशन किया है। वहां रहकर वे यूपीएससी की तैयारी कर रही थी। यह सीजीपीएससी में पहला अटेम्पट था और अपने पहले ही प्रयास में डिप्टी कलेक्टर के पद पर चयन होना एक सुखद अनुभूति है। उन्होंने बताया कि वे आगे अपनी यूपीएससी की तैयारी जारी रखेंगी। नायब तहसीलदार के पद पर चयनित तुषार मानिक ने कहा कि पहली बार उन्होंने मेन्स और इंटरव्यू दिया है जिसमें उन्हें सफलता मिली और वे शासकीय सेवा के लिए सलेक्ट हुए। उन्होंने भी आगे तैयारी जारी रखने की बात कही। 430 वां रैंक लाने वाली अल्फिना खान ने बताया कि उन्होंने बिलासपुर से कोचिंग लेकर तैयारी की है। इसके बाद वे घर पर रहकर पढ़ाई कर रही थी। उन्होंने कहा कि आगे वे पुन: परीक्षा में शामिल होकर उच्च पद पर चयनित होने का प्रयास करेंगी।

कलेक्टर सिन्हा ने कहा कि किसी परीक्षार्थी के सफल होने में उनकी मेहनत के साथ-साथ पूरे परिवार का योगदान होता है। कलेक्टर सिन्हा ने सभी को आगे सफल शासकीय सेवा की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर पत्रकार नरेश शर्मा ने पीएससी टॉपर सुश्री सारिका मित्तल को स्व.बबीता शर्मा की स्मृति में चांदी का सिक्का भेंट कर उनकी सफलता के लिए बधाई व स्वर्णिम भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े, सहायक कलेक्टर युवराज मरमट, ज्वाईंट कलेक्टर डी.आर.रात्रे सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## घर घुसकर मारपीट करने वाले दो आरोपियों को चक्रधरनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल



**रायगढ़।** चक्रधरनगर पुलिस ने मारपीट मामले के दो आरोपियों को गैर जमानती धाराओं के तहत कार्रवाई कर न्यायालय पेश कर जेल भेजा गया है। दोनों आरोपी सगे भाई हैं जिन्होंने पुरानी रंजिश को लेकर पहले उसके मोहल्ले के सुमित यादव और उसके दो साथी-रूपलाल यादव और महेश यादव के साथ मारपीट किए फिर उसी रात सुमित के घर घुसकर उसके भाई प्रीतम के साथ गाली गलौज कर मारपीट किए थे। घटना के बाद से दोनों आरोपी फरार थे। घटना को लेकर मारपीट के आहत प्रीतम यादव (उम्र 24 साल) टीवी टावर छोटे अतरमुडा द्वारा बीते 24 अगस्त को थाना चक्रधरनगर में दोनों आरोपियों द्वारा घर घुसकर मारपीट करने की रिपोर्ट दर्ज कराया गया था रिपोर्टकर्ता ने बताया कि दिनांक 23.08.23 के शाम करीब 6.00 बजे इसके भाई सुमित यादव व उसके साथी रूपलाल यादव महेश यादव के साथ मोहल्ले का अमन राजपुत (23 साल), आकाश राजपुत (20 साल) दोनो भाई पुराने रंजिश को लेकर सम्बलाई मंदिर के पास लडाई झगडा किये थे और उसी रात करीब 1.00 बजे दोनों भाई डंडा लेकर घर आ गये और घर में मौजूद प्रीतम यादव से गाली गलौच करते हुये मारपीट किये, घर के लोग बीच बचाव किये तब दोनों आरोपी वहां से भागे। घअना के रिपोर्ट बाद से दोनों आरोपी फरार थे, जिन्हें आज मोहल्ले में देखे जाने की सूचना थाना प्रभारी चक्रधरनगर निरीक्षक प्रशांत राव को मिली। तत्काल दोनों आरोपियों को चक्रधरनगर पुलिस ने गिरफ्तार कर रिमांड बाद जेल दाखिल किया गया है।

## अवैध फ्लाईऐश निपटान करते पकड़ी गई दो गाड़ियां, 78 हजार रुपए का किया गया जुर्माना

❒ शिकायत के लिए जारी किया गया है 7987033406 व्हाट्सअप नंबर

❒ कलेक्टर सिन्हा ने लगातार कार्यवाही के दिए है निर्देश




**रायगढ़।** कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के निर्देशन में छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मंडल, रायगढ़ के द्वारा फ्लाई ऐश के परिवहन एवं निपटान की सतत् रूप से निगरानी एवं जांच की जा रही है। इसी तारतम्य में आज अवैध फ्लाईऐश निपटान करते दो गाडिय़ों पर 78 हजार रुपये का जुर्माना किया गया है।

क्षेत्रीय अधिकारी छ.ग.पर्यावरण संरक्षण मंडल जिला-रायगढ़ अंकूर साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ से चपले मार्ग तक फ्लाईऐश परिवहन की जांच की गई। जांच के दौरान बिना अनुमति स्थल पर अवैध फ्लाईऐश निपटान किया जाना पाया गया। उक्त दोनों वाहनों पर 1500 रुपये प्रतिटन के अनुसार 78 हजार रुपये पर्यावरणीय क्षतिपूर्ति अधिरोपित की गई। साथ ही उद्योग को फ्लाईऐश का उचित प्रबंधन करने हेतु नोटिस जारी किया गया।

कलेक्टर सिन्हा के निर्देश पर पर्यावरण अधिकारी द्वारा जन सामान्य की सुविधा के लिए फ्लाई ऐश के अवैध डंपिंग, परिवहन के संबंध में जानकारी व शिकायत के लिए व्हाट्सअप नंबर 7987033406 जारी किया गया है। जिस पर मैसेज कर फ्लाइऐश के अवैध परिवहन व डंपिंग के बारे में शिकायत की जा सकती है।

## शुष्क दिवस के दौरान दो मामलो में कुल 56 लीटर कच्ची महुआ शराब किया गया जब्त

❒ थाना लैलूंगा पुलिस की अवैध शराब पर ताबड़तोड़ कार्यवाही

❒ आरोपियो के खिलाफ धारा 34( 2) आबकारी एक्ट के तहत की गई कार्यवाही



**रायगढ़।** संपूर्ण छत्तीसगढ़ में कल दिनांक 7.9.2023 को कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया गया है शुष्क दिवस के दौरान थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री परिवहन पर प्रतिबंध लगाए जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायगढ़ के निर्देशन एवं एडिशनल एसपी संजय महादेवा व एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी मोहन भारद्वाज के द्वारा थाने की अलग अलग टीमें बनाकर दिनांक 07.09.2023 को अवैध शराब धरपकड़ हेतु टीम रवाना किया गया जिसमें आरोपी मुकेश सिदार पिता परमानंद सिदार उम्र 28 वर्ष निवासी कोडकेल थाना लैलूंगा को अवैध रूप से महुआ शराब प्लास्टिक की जरकिन में एक बांस के डंडा में दोनों तरफ फंसा कर व हाथ में रख जिसमे 48 लीटर शराब भरी कीमती रु. 4800 को कोडकेल बागीचापारा से पैदल परिवहन करते एवं आरोपी सिंह डेल्की पिता बोलसे डेलकी उम्र 48 वर्ष निवासी लमदाड थाना लैलूंगा को अवैध रूप से कच्ची महुआ शराब एक प्लास्टिक जेरिकिन जिसमे 08 लीटर शराब भरी कीमती रु. 800 को लमडांड आरोपी के आंगन से पकड़ा गया। आरोपियों पर थाना लैलूंगा में आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार कर कार्यवाही किया गया है।

शराब रेड की उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहन भारद्वाज, सऊनि कमल सिंह राजपूत, प्रधान आरक्षक जयशरण चंद्रा, आरक्षक राजू तिग्गा, विनोद भगत और सुमित एक्का का विशेष भूमिका रहा।

### बांधापाली में 9 लीटर महुआ शराब और लामीखार में खुडखुडिया पट्टी पर जुआ खेला रहा आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** थाना प्रभारी छाल निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी के नेतृत्व में छाल पुलिस द्वारा क्षेत्र में मुखबिर सक्रिय कर लगातार जुआ एवं अवैध शराब पर कार्रवाई की जा रही है। छाल पुलिस द्वारा 06 सितंबर के शाम मुखबिर सूचना पर ग्राम लामीखार मंच के पास रेड कर खुडखुडिया पट्टी पर जुआ खेला रहे आरोपी सिदार दास पिता स्व0 चैतन दास उम्र 58 वर्ष साकिन बनाकुडा थाना घरघोडा जिला रायगढ़ को हिरासत में लिया गया, आरोपी के पास एवं जुआ पट्टी से जुआ का रक-म 570/- रूपये व खुडखुडिया जुआ सामग्री की जप्ती की गई। आरोपी पर थाना छाल में धारा 3(2) छत्तीसगढ जुआ(प्रतिषेध)अधिनियम 2022 के तहत कार्रवाई किया गया है।

वहीं दिनांक 07.9.2023 को शुष्क दिवस के दौरान अवैध शराब की बिक्री एवं परिवहन पर प्रतिबंध लगाए जाने के वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी छाल के नेतृत्व में ग्राम बांधापाली में शराब रेड कार्रवाई कर छाल पुलिस द्वारा आरोपी नेतराम कंवर पिता पुनिराम कंवर उम्र 30 वर्ष निवासी बाँधापाली थाना छाल को हिरासत में लिया गया। आरोपी के कब्जे से 10 लीटर क्षमता वाली प्लास्टिक की जरकिन में भरा करीबन 09 लीटर महुआ शराब कीमती रु. 900 को जप्ती कर आरोपी पर छाल में धारा 34(2), 59(क) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही कर गिरफ्तार कर रिमांड पर भेजा गया है।

शराब रेड की उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक दादूसिंह सिदार, आरक्षक अशोक चौहान और प्रबंध कुमार राठिया शामिल थे।

## न्यायालयों व संबंधित कार्यालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत आज



**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पूरे देश में इस वर्ष का तीसरा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 09 सितम्बर 2023 शनिवार को किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय, प्रदेश के सभी जिला न्यायालय और अधीनस्थ न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत खंडपीठ द्वारा समझौता योग्य मामलों का आपसी समझौता और राजीनामा से प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। प्रकरण की सुनवाई के दौरान पक्षकार और आवेदनकर्ता न्यायालय में उपस्थित हो सकते हैं या फिर जरूरी कार्य के कारण न्यायालय में उपस्थित नहीं हो पा रहे हैं, तो वे वकील के माध्यम से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से जुड़ सकते हैं और अपनी सहमति दे सकते हैं। उनकी सहमति के आधार पर खंडपीठ द्वारा प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। राष्ट्रीय लोक अदालत में बैंक, बिजली, टेलीफोन आदि के वसूली प्रकरण, दुर्घटना, शमनीय अपराध आदि प्रकरण की सुनवाई की जाती है।

उल्लेखनीय है कि सुप्रीम कोर्ट सहित देशभर के न्यायालयों में लंबित प्रकरणों की संख्या को कम करने और जनता की सहूलियत के लिए कई वर्षों से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाता रहा है। आगामी 09 दिसंबर 2023 को चौथा राष्ट्रीय लोक अदालत होगा।

## जिला सहकारी बैंक में दो करोड़ से ज्यादा के संदिग्ध ट्रांजेक्शन, जांच में जुटी विजिलेंस : खातेदारों को नहीं मिल रहे एफडी

**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित में 2 करोड़ से अधिक के संदिग्ध ट्राजेक्शन सामने आए है. ये मामला सामने आने के बाद बैंक में हडक़ंप मच गया है और अब इसकी जांच भी शुरू हो गई है।

सूत्रों से पता चला कि बैंक में रोजाना ऐसे कई लोग पहुंच रहे है जिन्होंने वर्षों पहले फिक्स डिपाजिट (स्नष्ठ) करवाए थे, लेकिन जब वे विड्राल के लिए पहुंच रहे है तो उन्हें चक्कर लगवाए जा रहे है.

जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज शर्मा ने भी इस गड़बड़ी की पुष्टि की है. उन्होंने लल्लूराम डॉट कॉम से बातचीत में कहा है कि 2017 के आस-पास फिक्सड डिपाजिट इंट्रेस्ट अकाउंट से गबन की पुष्टि जांच बैंक की जांच में हुई है, जिसमें 2 कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है और इस मामले में उन्होंने स्नढ्ढक्र के निर्देश दे दिए है. प्रारंभिक रूप से 52 लाख के गबन की पुष्टि हुई है. जिसमें कर्मचारियों ने गबन की बात स्वीकार की है. अध्यक्ष के मुताबिक कर्मचारियों से 38 लाख की रिकवरी भी कर ली गई है।

पड़ताल में ये बात सामने आई कि 2019 में रिटायर्ड हो चुका एक स्टॉफ पिछले 1 हफ्ते तक बैंक में रोजना पहुंच रहा था और बैंक के कम्प्यूटर में काम करते उसे देखा जा रहा था. बैंक के ही एक और स्टॉफ का नाम सामने आया है जिन्होंने अपने साला (पत्नी का भाई) के बैंक खाते में करीब 90 लाख रूपए ट्रांसफर किए है.

सूत्रों से पता चला है कि बैंक ने उक्त कर्मचारी के साथ एक अन्य कर्मचारी से 38 लाख रूपए की रिकवरी भी गुपचुप तरीके से की है. हालांकि बैंक के सीईओ प्रभात मिश्रा ने इस संदिग्ध ट्रांजेक्शन को लेकर अधिकृत राशि तो नहीं बताई, लेकिन उन्होंने जांच की बात कही.

*बैंक में कुछ संदिग्ध ट्रांजेक्शन हुए है, जिसकी जांच विजिलेंस टीम कर रही है. राशि कितनी है ये कह पाना अभी जांच पूरी होने तक संभव नहीं है. 1-2 दिनों में संदिग्ध ट्रांजेक्शन के राशि की स्थिति स्पष्ट हो जाएगी.*

**प्रभात मिश्रा, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित**

## मालीडीह के फूलों से महका मुम्बई, बेंगलुरु और नागपुर

❒ महासमुंद के मालीडीह में हो रही है गुलाब, झरबेरा व सेवंती की खेती

❒ इंजीनियरिंग की पढ़ाई कर चुके युवा किसान अमर चंद्राकर कर रहे हैं फूलों की व्यावसायिक खेती



**महासमुंद (आरएनएस)।** जेहन में किसी फूल का ख्याल आते ही उसकी महक से मन भर जाता है। लेकिन उसकी महक से यदि धन भी मिलने लगे तो समझिए जिंदगी ही महकने लग जाती है। महासमुंद अंतर्गत ग्राम मालीडीह एक छोटा सा गांव है। यहां के किसान अरूण चंद्रकार वैसे तो एक परम्परागत किसान है, लेकिन कुछ साल पहले प्रायोगिक तौर पर कुछ अलग करने की सोची और फूलों की खेती की तरफ हाथ अजमाया। उद्यान विभाग के अधिकारियों से मार्गदर्शन लेकर गुलाब की खेती करना प्रारम्भ किया। शुरुआत में 400म400 वर्ग मीटर क्षेत्र में गुलाब के पौधे लगाए। इसके लिए उद्यानिकी विभाग से पॉली हाऊस योजना का लाभ भी लिया। उनके पुत्र अमर चंद्राकर ने भी पिताजी के कार्य को आगे बढ़ाते हुए आवश्यक मार्गदर्शन और प्रशिक्षण लेकर इस खेती को व्यावसायिक रूप देकर आगे बढ़ाने का काम कर रहे हैं।

उद्यानिकी विभाग द्वारा संचालित राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत पैक हाऊस निर्माण का लाभ भी लिया। साथ ही समय-समय पर तकनीकी मार्गदर्शन लेते रहे। फूलों में आमदनी को देखते हुए युवा किसान अमर चंद्राकर ने एक-एक एकड़ क्षेत्र के दो स्थानों पर झरबेरा फूल की खेती 2020-21 में प्रारम्भ किया। आज झरबेरा की खेती से वे प्रति माह लगभग एक लाख रुपए की बचत कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि लगभग 6 एकड़ क्षेत्र में फूलों की खेती की योजना है। आज 35 मजदूर उनके पॉली हाऊस में काम कर रहें हैं। जो प्रतिदिन कटाई-छटाई और दवाई देने का काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उनके फूल प्रति नग कम से कम ढाई रुपए से लेकर 17 रुपए तक की दर से रायपुर, मुम्बई, नागपुर, कोलकाता, बेंगलुरु आदि महानगरों में विक्रय किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि अभी एक क्षेत्र में सेवंती फूल लगाया गया है, जिसका नवम्बर माह से उत्पादन शुरू हो जाएगा। अमर चंद्राकर वैसे तो बैचलर ऑफ इंजीनियरिंग है, लेकिन नौकरी का मोह त्याग कर मुनाफे की इस खेती को ही नौकरी मानकर कार्य कर रहे है। साथ में सामाजिक कार्यों में भी हाथ बटा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गांव में रहकर ही गांव की सेवा कर एवं फूलों की खेती से मैं संतुष्ट हूं। उन्होंने राज्य शासन को इस अवसर के लिए धन्यवाद भी दिया है।

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-२21359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com, RNI NO :- CHHHIN/2018/76480